an>

Title: Need to establish Regional Cotton Research Centres in Gujarat.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) ः गुजरात भारत का एक मात्र राज्य है जिसमें कॉटन का उत्पादन भारत के कुल कॉटन उत्पादन के अनुपात में 36 प्रतिशत होता है, अर्थात् 101 लाख बेल्स का होता है। सौराष्ट्र में राज्य का सबसे अधिक कॉटन उत्पादन 65 प्रतिशत भूमि में किया जाता है तथा राज्य के कुल प्रतिशत उत्पादन का लगभग 68 प्रतिशत कॉटन का उत्पादन सौराष्ट्र में होता है। सौराष्ट्र में सुरेन्द्र नगर में सबसे ज्यादा कॉटन उत्पादन लगभग 22 प्रतिशत, राजकोट 16 प्रतिशत, भावनगर 15 प्रतिशत, बड़ोदरा 8 प्रतिशत तथा अमरेली में 8 प्रतिशत होता है। इसलिए कॉटन को गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में अति महत्वपूर्ण फसल माना जाता है। इसलिए गुजरात में रीजनल कॉटन रिसर्च सेंटर्स और अधिक खोले जाने की आवश्यकता है।

अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि गुजरात में रीजनल कॉटन रिसर्च सेंटर्स की स्थापना करवाई जाये।